CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
24.8.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

# साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

4 में पढ़ें- प्रादेशिक .... 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....

वर्ष-2 » अंक - 38

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई वाले टॉप 10 ऐक्टर्स की लिस्ट में अक्षय और सलमान

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। बॉलिवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार और सलमान खान ने दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले ऐक्टर्स की लिस्ट में टॉप 10 में जगह बना ली है। दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित मैगजीन्स में से एक फोर्ब्स की तरफ से जारी की गई इस लिस्ट में साल 2018 के सबसे ज्यादा पैसा लेने वाले मेल ऐक्टर्स की सूची जारी की है जिसमें अक्षय कुमार सातवें नंबर पर जबकि सलमान खान नौवें नंबर पर हैं।

### मदद के लिए हेलिकॉप्टर बुलाया, सेल्फी लेकर वापस भेजा

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। एक ओर जहां केरल में आई बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना पूरी लगन से राहत एवं बचाव कार्य में लगी है, वहीं राज्य के मरून्ड से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक ने पहले मदद के नाम पर हेलिकॉप्टर को बुलाया और फिर सेल्फी लेकर वापस भेज दिया।

### मोदी को झप्पी से कांग्रेसी नहीं थे खुशः राहुल

हैम्बर्ग (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि संसद में जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगाया था तो उनकी ही पार्टी के कुछ सदस्यों को यह पसंद नहीं आया था। जर्मनी के हैम्बर्ग में अपने संबोधन में गांधी ने कहा कि नफरत का जवाब नफरत से देना बिल्कुल ठीक नहीं है।

### लोगों ने युवक की पीट पीटकर की हत्या

हाजीपुर (आरएनएस)। बिहार के वैशाली के जंदाहा में मॉब लिंचिंग का मामला प्रकाश में आया है. बुधवार को गुस्सायी भीड़ ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी. युवक झारखंड के गुमला का रहने वाला बताया जा रहा है. फिलहाल पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है.

### भारत में महिलाओं के खिलाफ भारी हिंसा, मर्द बदलें सोच

हैम्बर्ग (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने जर्मनी के हैम्बर्ग में अपने भाषण के दौरान भारत में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा और देश में बढ़ रही लिंचिंग का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बहुत से मामले बढ़ गए हैं। भारत में जिस तरह से पुरुष महिलाओं को लेकर सोच रखते हैं, अब वह नजरिया बदलना होगा। राहुल ने आगे कहा कि पुरुषों को महिलाओं को समानता और सम्मान के भाव से देखना शुरू करना होगा। मैं यह कहने के लिए माफी चाहता हूं कि पुरुष ऐसा नहीं करते।

### जहरीली शराब से 2 दिन में 5 की मौत, 8 गंभीर

#### 3 ने खोई आंखों की रोशनी

शामली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बावजूद अवैध शराब की बिक्री खुलेआम जारी है। ताजा मामला शामली जिले का है जहां बीते दो दिनों में जहरीली शराब ने पांच लोगों की जान ले ली, वहीं आठ लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाके के तीन लोगों की आंख की रोशनी चली गई है।

## बगदादी का आतंकियों को संदेश
# परीक्षा की घड़ी में एक रहो

बगदाद (आरएनएस)। इस साल पहली बार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अपने मुखिया अबु बकर अल-बगदादी का एक कथित ऑडियो जारी किया है, जिसमें वह आतंकियों से अल्लाह द्वारा ली जा रही परीक्षा की घड़ी में एक रहने को कह रहा है। यह ऑडियो संदेश करीब 55 मिनट का है।




सीएनएन के मुताबिक, बगदादी ऑडियो में कह रहा है कि उसके समर्थकों की भय और भूख से परीक्षा ली जा रही है लेकिन खुशखबरी उन्हें ही मिलेगी जो सब्र के साथ इसका सामना करेंगे। यह ऑडियो मेसेज बुधवार को आईएस के मीडिया विंग अल-फुरकान ने जारी किया है। हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टी नहीं की जा सकी है कि ऑडियो में जिस शख्स की आवाज है वह बगदादी ही है। यूएस सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन विलियम अर्बन ने बताया, यूएस सेंट्रल कमांड को इस कथित ऑडियो के बारे में जानकारी है। मैं इस ऑडियो पर हमारे आकलन को लेकर किसी तरह का बयान नहीं दूंगा। हमें नहीं पता कि इस वक्त बगदादी कहां है, लेकिन हम उसे युद्धभूमि से हटाने में रुचि रखते हैं।

विलियम ने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिकी सरकार के किसी भी आधिकारिक सूत्र ने बगदादी के मरने का दावा किया हो। जब उनसे पूछा गया कि क्या यूएस अधिकारियों को लगता है कि बगदादी जिंदा है तो उन्होंने जवाब दिया, हां। अगर यह ऑडियो बगदादी का ही है तो अक्टूबर 2017 में रक्का में आईएस के पतन के बाद यह उसका पहला संदेश होगा। ऑडियो में बोल रहा शख्स लगातार आईएस की हो रही हार का भी हवाला देता हुआ सुना गया। संदेश में कहा गया है, एक सच्चे मुजाहिदीन के लिए जीत या हार इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उसके कब्जे में कितने शहर हैं, उसके पास अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें हैं या स्मार्ट बॉम्ब हैं या नहीं, या फिर उसके कितने समर्थक हैं।

# वित्त मंत्री के रूप में अरुण जेटली की हुई वापसी

नई दिल्ली (आरएनएस)। किडनी सर्जरी की वजह से तीन महीने तक कामकाज से दूर रहने के बाद आज अरुण जेटली ने वित्त मंत्री का कार्यभार दोबारा संभाल लिया। उनकी अनुपस्थिति में मंत्रालय की जिम्मेदारी पीयूष गोयल को सौंपा गया था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति ने वित्त मंत्रालय और कंपनी मामलों का मंत्रालय अरुण जेटली को सौंपने का निर्देश दिया है।



जेटली ऐसे वक्त में वापसी कर रहे हैं जब रुपये की हालत कुछ ज्यादा ही खस्ता है और सरकार इस संकट से निपटने के रास्ते तलाश रही है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की विदेश व्यापार नीति में सख्ती, ईरान पर पाबंदी जैसे मसलों से भी भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां मुंह बाए खड़ी है।

जेटली के लिए खुशखबरी यह है कि उनके दोबारा वित्त मंत्रालय का पदभार संभालने से पहले विदेशों में भारतीयों के जमा काले धन में गिरावट की खबर आ गई है। बहरहाल, सर्जरी के बाद से ही जेटली सार्वजनिक जीवन से दूर रहे थे। इस दौरान पहली बार वह संसद के मॉनसून सत्र में राज्यसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान सदन में नजर आए थे, जिसमें एनडीए उम्मीदवार हरिवंश की जीत हुई थी।

## लाखों रुपए का ईनामी नक्सली टीपू सुल्तान ने किया आत्मसमर्पण

भिलाई (आरएनएस)। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों में आतंक मचा रहे 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली टीपू सुल्तान उर्फ पहाड़ सिंह उर्फ बाबुराव तोहफा ने आखिरकार दुर्ग पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया है। आत्म समर्पित नक्सली टीपू सुल्तान के बारे में जानकारी देते हुए दुर्ग रेंज के आईजी जीपी सिंह ने इसे पुलिस की बड़ी सफलता करार दिया है।



महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमाओं पर आतंक मचाने वाला नक्सली टीपू सुल्तान के साथ हर समय तीन गनमैन सुरक्षा करते मौजूद रहते थे।

## वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर का 95 वर्ष की उम्र में निधन

नई दिल्ली (आरएनएस)। वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर का निधन दिल्ली के अस्पताल में बुधवार देर रात को हो गया। नैयर 95 वर्ष के थे और आखिरी वक्त वह लेखन और पत्रकारिता से जुड़े रहे। उनका अंतिम संस्कार आज एक बजे दिल्ली के लोधी रोड स्थित श्मशान गृह में होगा। आपातकाल के दौरान नैयर को सरकार के खिलाफ लेख लिखने के कारण जेल भी जाना पड़ा था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया। पीएम ने आपातकाल में सरकार के खिलाफ मुखर आवाज उठाने के लिए नैयर के योगदान की सराहना की और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पाकिस्तानी आर्मी चीफ से गले मिलकर सिद्धू ने निभाया शिष्टाचारः राजभर

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सहयोगी दल सुभासपा के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर बुधवार को संत कबीर नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर मसले से लेकर नवजोत सिंह सिद्धू के पाकिस्तान दौरे पर अपनी राय रखी।



मीडिया से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के राम मंदिर पर दिए बयान पर कहा कि अयोध्या मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है. साधु संत आक्रोशित हैं और जगह-जगह साधु-संत आंदोलन कर रहे हैं. साधु-संतों के गुस्से को शांत करने के लिए केशव प्रसाद मौर्य इस तरह का बयान दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस मामले के हल का दो ही ऑप्शन हैं. एक या तो आपसी रजामन्दी से इसका हल होगा या कोर्ट के फैसले से, तीसरा कोई ऑप्शन नहीं है.

वहीं राम मन्दिर बनने के सवाल पर ओम प्रकाश राजभर ने पूछा कि मन्दिर बनने से क्या सबको शिक्षा, रोजगार मिल जाएगा? उन्होंने कहा कि न हम मन्दिर के पक्ष में हैं, न मस्जिद के पक्ष में हैं. मन्दिर के मुद्दे पर सिर्फ झगड़ा पाला जा रहा है.

वहीं कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू के पाकिस्तान जाने पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि इसमें कोई बुराई नहीं है. सिद्धू भी क्रिकेटर रहे हैं और पाकिस्तान प्रधानमंत्री इमरान खान भी क्रिकेटर रहे हैं. उन्होंने कहा पाकिस्तानी सेना के जनरल से गले मिलकर नवजोत सिंह सिद्धू ने शिष्टाचार निभाया है, इसमें कोई हर्ज नहीं है. ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मोदी जी जाकर चादर चढ़ाते हैं तो कोई बात नहीं होती.

## पत्नी करती थी पिटाई, कोर्ट में फोटो दिखाकर मिली सिक्योरिटी

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमूमन पति द्वारा पत्नी को यातनाएं देने की घटनाएं सुनाई देती हैं, लेकिन हाई कोर्ट के सामने एक ऐसा केस आया जहां पीड़ित बनकर एक पति खड़ा है और प्रताड़ित करने का आरोप पत्नी पर है। शारीरिक रूप से 90 फीसदी दिव्यांगता के शिकार इस व्यक्ति का आरोप है कि अलग रह रही उसकी पत्नी उसे तरह-तरह से यातनाएं देती है, जिससे उसकी जान खतरे में है।

पति के आरोपों पर भरोसा जताते हुए हाई कोर्ट ने संबंधित इलाके के एसएचओ को निर्देश दिया कि वह इस व्यक्ति को मिल रही कथित धमकियों और यातनाओं का आकलन कर उसे तुरंत सुरक्षा मुहैया कराए।

## डॉक्टरों को वीआरएस लेने से रोक सकती है योगी सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए योगी सरकार के उस अधिकार का समर्थन किया है, जिसके तहत वह राज्य सरकार के डाक्टरों को ऐच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने से मना कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि सभी डॉक्टरों के ऐच्छिक सेवानिवृत्ति से गरीबों के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था धराशायी हो जाएगी।



जस्टिस अरुण मिश्रा की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि गरीबों के जीवन का अधिकार, कर्मचारियों के ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के अधिकार से ऊपर है। इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 29 नवंबर, 2017 को कहा था कि राज्य सरकार के पास किसी भी कर्मचारी को वीआरएस लेने से रोकने का अधिकार नहीं है।

राज्य सरकार के नियम के तहत सभी कर्मचारियों को 3 महीने का नोटिस पीरियड पर रहने के बाद वीआरएस लेने का अधिकार है, लेकिन राज्य सरकार ने भारी संख्या में आ रहे इस्तीफों को देखते हुए 4 सीनियर डॉक्टरों को वीआरएस देने से इनकार कर दिया था।

इसके बाद ये डॉक्टर हाई कोर्ट चले गए थे, जिसने उनके हक में फैसला दिया था।


## 2020 से सीबीएसई करेगा 10वीं और 12वीं के एग्जाम पैटर्न में बड़ा बदलाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। जो स्टूडेंट्स 2020 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं देने वाले हैं, उनके लिए एक ज़रूरी खबर है। दरअसल सीबीएसई 2020 से 10वीं और 12वीं क्लास के प्रश्नपत्र में बड़ा फेरबदल करने जा रहा है। सीबीएसई की इस प्रक्रिया में वोकेशनल सब्जेक्ट के टेस्ट पैटर्न और रिजल्ट घोषित करने की प्रकिया पर भी फैसला लिया जाएगा।

सीबीएसई के अधिकारियों ने कहा कि नए एग्जाम का पैटर्न छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमता को टेस्ट करेगा। इससे विषयों को रटने की प्रोसेस पर भी लगाम लगेगी। नाम न बताने की शर्त पर मानव संसाधन मंत्रालय के एकअधिकारी ने कहा, बदले हुए क्वेश्चन पेपर प्रॉब्लम सॉल्विंग मोड के होंगे। 1 से 5 मार्क्स के छोटे प्रश्न ज्यादा होंगे। ज्यादा फोकस इस बात पर होगा कि छात्रों की लर्निंग प्रॉसेस और उनकी सोचने की क्षमता का आकलन किया जा सके ताकि उनका मानसिक विकास सही स्तर पर हो। कोशिश रहेगी कि छात्रों को रटकर ज़्यादा नंबर लाने की प्रक्रिया पर पाबंदी लगे।

## वेतन में मालिक ने दिए 6 रुपये, कर्मचारी ने फैक्ट्री में लगाई फांसी

आगरा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के आगरा में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक युवक को महीने भर काम के बाद सिर्फ छह रुपये वेतन मिला। छह रुपये वेतन मिलने से दुखी होकर युवक ने अपनी फैक्ट्री में ही फांसी लगा ली। हालांकि, समय रहते अन्य कर्मचारियों ने उसे बचा लिया।



यह घटना सिकंदरा थानांतर्गत एक शू फैक्ट्री की है। एसएचओ सिकंदरा अजय कौशल ने बताया, वह युवक फैक्ट्री में कई वर्षों से काम कर रहा था। वह कई दिनों से डिप्रेशन में था। 27 जुलाई को उसका ऐक्सिडेंट हुआ था। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। उसके इलाज का खर्च फैक्ट्री मालिक की ओर से भरा गया। जब युवक ठीक हो गया तो वह वापस फैक्ट्री में काम पर लौटा। जब उसने अपना वेतन मांगा तो उसे फैक्ट्री मालिक ने 6 रुपये दिए।

**...घर का खर्च कैसे चलेगा?**

एसएचओ ने बताया कि युवक ने अपने मालिक से कहा कि उसके इलाज में जो रुपये खर्च किए गए हैं वह किश्तों में काट लें।

## वारदात
## बोरियाखुर्द में दर्जन भर युवकों ने मचाया आतंक, मना करने पर युवक को उतारा मौत के घाट

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र के भवानी नगर बोरिया खुर्द में बुधवार की रात में आतंक मचा रहे करीब दर्जनभर युवकों ने मना करने की बात पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक की आज सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिजनों सहित गांव के सैकड़ों लोगों ने टिकरापारा थाना का घेराव कर दिया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। सैकड़ों की संख्या में थाने पहुंचे लोगों पर काबू पाने पुलिस को हल्की लाठीचार्ज करनी पड़ी। पुलिस ने हत्या के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई एवं आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत होकर घेराव समाप्त किया।




पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी जगाधर निषाद पिता राधेलाल निषाद 26 वर्ष निवासी भवानी नगर बोरियाखुर्द टिकरापारा ने शिकायत दर्ज कराया कि कल रात करीब 11.30 बजे भवानीनगर बोरियाखुर्द में आरोपी सब्बु उर्फ सहबाज, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद बसीर चिस्ती, मोहम्मद ईशान, मोहम्मद अफसर, मोहम्मद, माहसीन सहित करीब एक दर्जन युवक मोटर सायकल में बैठकर हुल्लड़ कर मोहल्ले में आतंक मचा रहे थे। प्रार्थी ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने प्रार्थी की जमकर पिटाई कर दी और अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी के बांए आंख में घोंप दिया। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए, कुछ देर बाद आरोपी पुनः एकजुट होकर वापस लौटे और प्रार्थी के अलावा लखन व खेदू के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस पर रूपा नामक महिला ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसकी भी बुरी तरह से पिटाई करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट करते हुए ईंट मारकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया।

CMYK